## न्यूज डायरी



### बिना ट्रायल महीनेभर पहले से अपने लोगों को वैक्सीन दे रहा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चीन। दुनियाभर में कोरोना वायरस फैलाने वाले चीन ने एक महीने पहले ही अपने लोगों को वैक्सीन दे दी थी। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने शनिवार को खुलासा किया था कि वह 22 जुलाई से ही अपने लोगों को वैक्सीन की डोज दे रहा है। हालांकि, आयोग ने यह नहीं बताया कि चीन में क्लिनिकल ट्रायल के अंतिम फेज में पहुंची चार वैक्सीन में से किसे लोगों को दिया गया है। इतना ही नहीं, आयोग ने यह भी दावा किया कि लोगों पर इस वैक्सीन का कोई कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ा है। चीन के एनएचसी के निदेशक झेंग झोंगवेई ने कहा कि वैक्सीन को शुरुआती चरण में अभी इमिग्रेशन अधिकारियों और मेडिकल स्टाफ को ही दिया गया है। उन्होंने इसके लिए तर्क दिया कि चीन में अब कोरोना वायरस के मामले विदेशों से आ रहे हैं। इसलिए इमिग्रेशन अधिकारियों को वैक्सीन देना जरूरी था, जबकि स्वास्थ्य अधिकारी कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज कर रहे हैं।

### अश्वेत मुद्दे पर फिर जला अमेरिका, हिंसा रोकने के लिए स्टेट इमरजेंसी का ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका में विस्कॉन्सिन में लगातार तीसरे दिन हिंसक विरोध प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शनकारियों ने कई कारों को आग के हवाले कर दिया, वहीं सरकारी बिल्डिंग्स में तोड़फोड़ भी की। उपद्रवियों पर काबू पाने के लिए राज्य के गवर्नर टोनी एवर्स ने स्टेट इमरजेंसी का ऐलान करते हुए नेशनल गार्ड को बुला लिया है। बताया जा रहा है कि रविवार को पुलिस ने 29 साल के अश्वेत जैकब ब्लेक को गोली मार दी थी। जिसके विरोध में हिंसा भड़क उठी। इससे पहले मई में मिनिएसोटा में अश्वेत जॉर्ज फ्लायड की हत्या के बाद भी पूरे अमेरिका में विरोध प्रदर्शन हुए थे। उस समय भी पुलिस के ऊपर बर्बरता के आरोप लगाए गए थे। उस समय स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि वॉशिंगटन में वाइट हाउस के बाहर विरोध प्रदर्शन के हिंसक होने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सीक्रेट बंकर में जाना पड़ा था।

### उत्तर कोरिया नेता ने वायरस और तूफान से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कुछ सप्ताह के भीतर तीसरी उच्च स्तरीय राजनीतिक बैठक आयोजित करके आपात स्थिति को दर्शाते हुए बैठक में कोरोना वायरस संक्रमण से निपटने की देश की तैयारियों और बृहस्पतिवार को देश मे दस्तक देने वाले तूफान को पूर्वानुमान को लेकर आगाह किया। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी के पोलितब्यूरो की विस्तृत बैठक के दौरान किम ने देश में कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ अभियान में 'खामियों' पर नाराजगी जाहिर की और उनमें तेजी से सुधार लाने को कहा। हालांकि उन्होंने विशेष रूप में क्या खामियां हैं, इसके बारे में नहीं बताया। किम ने तूफान 'बावी' के संबंध में विस्तृत तैयारियां रखने के लिए कहा ताकि इससे होने वाली क्षति को कम किया जा सके। दरअसल कुछ सप्ताह पहले ही देश में मूसलाधार बारिश से बाढ़ आई थी और इससे घरों और फसलों को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा था।

### चीन ने सैन्य अभ्यास के दौरान अमेरिकी जासूसी विमान की घुसपैठ का किया विरोध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। देश के उत्तरी हिस्से में सैन्य अभ्यास के दौरान लगाए गए 'नो–फ्लाई जोन' में अमेरिकी वायुसेना के यू–2 जासूसी विमान की कथित घुसपैठ का चीन ने विरोध किया है। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस कार्रवाई से ''सामान्य अभ्यास में गंभीर हस्तक्षेप किया गया।'' मंत्रालय ने प्रवक्ता वू कीन ने कहा, ''यह पूरी तरह से उकसावे की कार्रवाई है।'' वू ने कहा कि इसका कड़ा विरोध किया है और अमेरिका से ऐसी हरकतें रोकने की मांग की है। बयान में कहा कि चीन का 'उत्तरी थिएटर कमान' सैन्य अभ्यास कर रहा था। उसके समय और स्थान संबंधी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई।

# मेलानिया ने सेना की वर्दी में 'ट्रंप 2.0 के लिए किया जंग का ऐलान

**राष्ट्रपति चुनाव**

## मेलानिया ट्रंप ने अपने पति डोनाल्ड ट्रंप के लिए मांगे वोट



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव की जंग में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार और वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप भी उतर आई हैं। रात के दौरान खुले और साफ आसमान के नीचे डोनाल्ड ट्रंप के लिए आई भीड़ को संबोधित करते हुए प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप ने रिपब्लिकन नैशनल कन्वेंशन की दूसरी रात को ट्रंप के लिए जमकर आवाज बुलंद की। चुनाव प्रचार की जंग में मेलानिया का सेना की वर्दी की तरह ड्रेस पहनना चर्चा का विषय बन गया।

आगामी नवंबर में होने वाले चुनाव में अपने पति के दूसरे कार्यकाल को एक और मौका देने को लेकर उन्होंने 'उन असाधारण लोगों' से अपील कि जिन्होंने राजनीति में कभी न आए एक व्यवसायी को मौका दिया था। मेलानिया ने अपने 28 मिनट के भाषण के दौरान कहा, 'वह कोई परंपरागत राजनेता नहीं हैं। वह सिर्फ शब्दों का सहारा नहीं लेते हैं, बल्कि वह कार्रवाई की मांग करते हैं, और उन्हें परिणाम भी मिलते हैं। और यह ऐसी विशेषता है जिसकी मैंने हमेशा से सराहना की है।'

**मेलानिया ने वाइट हाउस के रोज गार्डन से भाषण दिया:** ऑलिव ग्रीन स्कर्ट–सूट पहने मेलानिया ने मंगलवार को वाइट हाउस के रोज गार्डन से भाषण दिया। हालांकि इस गार्डन के विकल्प को लेकर कई रिपब्लिकन ट्रंप के खिलाफ हो गए और उनकी कड़ी ओलचना भी की। लिंकन प्रॉजेक्ट ने ट्वीट में कहा, 'वाइट हाउस में संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रथम महिला राजनीतिक भाषण दे रही हैं, एक ऐसा स्थान जो पीपल्स हाउस है। यह हमारे देश के लिए वास्तव में दुखद क्षण हैं।' वहीं एनबीसी के एक प्राइम टाइम एंकर ने कहा, 'वे कोई राजा नहीं हैं, न ही यह उनकी संपत्ति है! यह बार्बी के सपनों का घर नहीं है, यह अमेरिकन पीपल्स हाउस है।'

टेलीप्रॉम्प्टर से पढ़ने के साथ ही अपने व्यक्तिगत और राजनीतिक अनुभवों को मिलाकर मेलानिया ने प्रथम महिला के 'अनुभवों' को साझा किया। उन लोगों के बारे में कहा जो 'असाधारण परिस्थितियों' से लड़ रहे हैं और जिनके विचारों से वह हर दिन काफी प्रभावित होती हैं। मेलानिया ट्रंप जिस रात को अपना भाषण दे रही थी, उस रात राष्ट्रपति की बेटी टिफनी ट्रंप और बेटे एरिक ट्रंप भी उपस्थित हुए थे। हालांकि उन सभी के भाषण में कोरोना वायरस से मृत 178,000 से अधिक अमेरिकियों का उल्लेख नहीं हुआ।

**कार्यक्रम में मात्र गिने चुने लोगों ने मास्क पहन रखा था:** मेलानिया ट्रंप बीते 24 घंटों में मात्र एक ऐसी वक्ता थी, जिन्होंने मृतकों के परिवारों के लिए सहानुभूति व्यक्त की और महामारी के घातक पहलू पर भी बात की। ताज्जुब की बात तो यह थी कि रोज गार्डन के इस कार्यक्रम में मात्र गिने चुने लोगों ने मास्क पहन रखा था। मेलानिया ट्रंप ने मतदाताओं से वादा करते हुए कहा, 'डोनाल्ड तब तक आराम नहीं करेंगे, जब तक कि वह इस महामारी से प्रभावित सभी लोगों की मदद नहीं कर लेते।

## वाइल्ड पोलियो से पूरी तरह से मुक्त हुआ अफ्रीका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नैरोबी। कोरोना संकट में दुनिया के लिए एक अच्छी खबर है। अफ्रीका महाद्वीप को वाइल्ड पोलियो बीमारी से मंगलवार को पूरी तरह से मुक्त घोषित कर दिया गया। इसकी घोषणा स्वतंत्र एजेंसी अफ्रीका रिजनल सर्टिफिकेशन कमीशन ने की। इससे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन के अफ्रीका महाद्वीप के सभी 47 देशों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान बैठक की थी।

अफ्रीका में वाइल्ड पोलियो का अंतिम मामला 4 साल पहले उत्त्तर पूर्वी नाइजीरिया में आया था। डब्ल्यूएचओ ने इससे पहले बयान जारी करके कहा था, अफ्रीकी महाद्वीप की सरकारों के अथक प्रयासों, दानदाताओं, अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और समुदायों की मदद से 18 लाख बच्चों को जीवनभर विकलांगता से बचा लिया। बता दें कि पोलियो से 5 साल तक के बच्चों को विकलांग होने का खतरा रहता है।

कई बार तो वाइल्ड पोलियो से बच्चों की जान चली जाती है। करीब 25 साल पहले अफ्रीका में हजारों बच्चे वाइल्ड पोलियो की वजह से विकलांग हो गए थे। अब यह बीमारी केवल अफगानिस्तान और पाकिस्तान में पायी जाती है। अफ्रीका में नाइजीरिया अंतिम देश है जिसे पोलियो से मुक्त घोषित किया गया है।



नेपाल में मिली 3800 साल पुरानी किराट देवी की मूर्तियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल के धुलीखेल में करीब 3800 साल पुरानी किराट देवी की मूर्तियों के मिलने से पुरातत्वविद और विरासत को सहेजने वाले लोग उत्साहित हैं। इन मूर्तियों को जमीन से करीब 300 मीटर नीचे पाया गया। बताया जा रहा है कि यह मूर्ति नेपाल की सबसे पुरानी मूर्तियों में से एक है। इन मूर्तियों के मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग इसे देखने आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी इनकी तस्वीरों को जमकर शेयर किया जा रहा है। माइरिपब्लिका वेबसाइट ने स्थानीय पुरातत्वविद श्रीकृष्ण धीमाल के हवाले से बताया कि इन मूर्तियों को सबसे पहले शुक्रवार को एक निर्माण के दौरान बरामद किया गया था।

# सीरिया में आईएसआईएस के पाकिस्तानी आतंकवादियों की जांच करेगा अमेरिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। अमेरिका सरकार सीरिया में सक्रिय पाकिस्तानी आतंकवादियों के भूमिका की जांच करने जा रही है। अमेरिका के इस ताजा ऐलान से पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें काफी बढ़ सकती हैं जिन्होंने अभी एफटीएफए की ग्रे लिस्ट से बचने के लिए दो बेहद अहम विधेयकों को संसद से पारित कराया है। खान चीन की मदद से पाकिस्तान को एफटीएफए की ग्रे लिस्ट से निकालने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका समर्थित और कुर्द सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्स ने 29 पाकिस्तानी

**पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें काफी बढ़ सकती हैं**

आतंकियों के नामों की लिस्ट शेयर की है। ये लोग उनके कब्जे में हैं और इस्लामिक स्टेट की ओर से जंग लड़ रहे थे। आईएसआईएस ने इराक और सीरिया में पिछले कुछ सालों में जमकर कत्लेआम किया है। इनमें से 4 पाकिस्तानी ऐसे हैं जिन्होंने तुर्की और सूडान की नागरिकता हासिल कर ली है। बताया जा रहा है कि जिन 29 पाकिस्तानी आतंकवादियों को अरेस्ट किया गया है, उनमें से 9 महिलाएं भी हैं। एक आतंकवाद निरोधक अधिकारी ने कहा, अमेरिकी सुरक्षा बल पाकिस्तानी नागरिकों से पूछताछ कर रहे हैं। वे यह भी जानने का प्रयास कर रहे हैं कि इन आतंकवादियों को आईएस में सीरिया किसने भेजा? उनके पिछले आतंकी समूहों जैसे अल कायदा और अन्य पाकिस्तानी आतंकियों के बारे में भी अमेरिकी पता लगा रहे हैं।

**आईएसकेपी का चीफ असलम फारुकी का आईएसआई से संबंध:** अधिकारी ने कहा, चूंकि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासान प्रांत के साथ मिली हुई हैं, ऐसे में पूछताछ में उनके बारे में भी पता चल सकता है। आईएसकेपी के आतंकवादियों ने काबुल में गुरुद्वारे पर हमला किया था।

### अमेरिका ने अपने नागरिकों को दी भारत न जाने की सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। भारत के साथ दोस्ती के तमाम दावे करने वाले अमेरिका ने अपने नागरिकों को भारत की यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। अमेरिका ने इसकी वजह भारत में कोरोना संकट, अपराध और आतंकवाद को कारण बताया है। यही नहीं अमेरिका ने भारत की यात्रा के लिए रेटिंग 4 निर्धारित की है जिसे सबसे खराब माना जाता है। इस श्रेणी भारत के अलावा युद्धग्रस्त सीरिया, आतंकवाद का केंद्र पाकिस्तान, ईरान, इराक और यमन शामिल हैं। अमेरिका ने कहा है कि भारत में कोरोना संकट है। इसके अलावा देश में अपराध और आतंकवाद में तेजी आई है, इसलिए अमेरिकी नागरिक भारत की यात्रा न करें। अमेरिका ने अपने अडवाइजरी की कुछ अन्य वजहों में महिलाओं के खिलाफ अपराध और उग्रवाद को भी कारण बताया है। उधर, इंडियन टूरिज्म एंड हॉस्पिटलटी संघ ने भारत सरकार से गुहार लगाई है कि वे अमेरिका सरकार से ट्रेवेल अडवाइजरी को बदलने के लिए दबाव डाले। फेथ ने कहा कि सरकार इसे प्राथमिकता के आधार पर उठाए ताकि देश के बारे में बन रही नकारात्मक छवि को रोका जा सके।